दिनांकः 11.04.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अप्रैल को जयपुर में माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में वीडियो संदेश के जरिये युवाओं को संबोधित करेंगें
- मुख्यमंत्री ने बांदीकुई और बूंदी में 677 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास कियां
- समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजितं
- राज्य में जनगणना–2027 के पहले चरण की तैयारियों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक–एक मई से पन्द्रह मई तक स्व–गणना प्रकिया होगीं

000प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अप्रैल को जयपुर में होने वाले माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में वीडियो संदेश के माध्यम से युवाओं को संबोधित करेंगें राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे और विजेता प्रतिभागियों से संवाद करेंगें युवा मामले और खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इस दिन 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' का फिनाले 1 होगां इससे पहले कल 'महिला युवा संसद' और साइकिल रैली जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगां उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के 75 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 984 मेधावी प्रतिभागियों का चयन अंतिम चरण के लिए हुआ हैं

.........................

**000**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज दौसा के बांदीकुई में 607 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत वाले 213 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कियां महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं श्री शर्मा ने बताया कि राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सावित्री बाई फुले ई–लाइब्रेरी स्थापित की जाएगीं साथ ही, प्रदेश के सभी जिलों में महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय खोले जाएंगें मुख्यमंत्री ने बांदीकुई स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर रखने और बांदीकुई–दौसा रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण की घोषणा कीं समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाज के हर वर्ग का उत्थान शामिल हैं

.............................

इसके बाद श्री शर्मा ने बूंदी के हिण्डौली में एक अन्य कार्यक्रम में 70 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास कियां

**000**

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर में आयोजित समारोह में महात्मा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित

किएं उन्होंने ज्योतिबा फुले को 'महामानव' और 'युग प्रवर्तक' बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता हैं

..................

चूरू में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने महात्मा फुले के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालां झुंझुनूं में ज्योतिबा फुले की स्मृति में भव्य वाहन रैली निकाली गई, वहीं ब्यावर में जिला प्रशासन की ओर से प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गयां

**000**

भारत में डिजिटल भुगतान यू.पी.आई. व्यवस्था के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में यूपीआई की शुरुआत की थीं इस ऑनलाईन प्लेटफार्म के जरिये देश में वित्तीय लेनदेन के तरीके में सरलता आई हैं वर्ष 2021 में इस नेटवर्क से 216 बैंक जुड़े थे जो अब बढ़कर जनवरी 2026 तक 691 बैंकों तक पहुंच गए हैं वित्त मंत्रालय के अनुसार वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की लगभग 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हैं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे संस्थानों ने भी यूपीआई की व्यापकता, दक्षता और समावेशिता की सराहना की हैं यूपीआई अब राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित कई देशों में संचालित हो रहा हैं

000

राज्य में जनगणना–2027 के पहले चरण की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज जयपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुईं जनगणना निदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और नगर निगम स्तर के अधिकारियों के साथ पोर्टल प्रबंधन, प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा कीं बैठक में 1 मई से 15 मई तक प्रस्तावित स्व–गणना प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गएं इसके तहत नागरिक जनगणना पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर परिवार से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगें सफल पंजीकरण के बाद प्राप्त आईडी को सुरक्षित रखना होगा, जिसे फील्ड कार्य के दौरान गणना अधिकारी को दिखाना अनिवार्य हैं बैठक में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति तथा आईटी उपकरणों की व्यवस्था समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गएं

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि ईसरदा बांध परियोजना का कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगां उन्होंने आज टोंक जिले में बनास नदी पर निर्माणाधीन इस बांध का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दीं मुख्य सचिव ने बताया कि यह प्रोजेक्ट राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल हैं इसके पूरा होने से सवाई माधोपुर और दौसा जिले के कई गांवों को लाभ मिलेगां

.........................

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए इसे तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिएं

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के साथ ही गर्मी में तेजी आती जा रही हैं राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं बाड़मेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया, जबकि सात अन्य शहरों में पारा 35 डिग्री के पार रहां

बाड़मेर में चिलचिलाती धूप के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और दोपहर के समय सड़कों तथा बाजारों में आवाजाही कम होने से सन्नाटा पसरने लगा हैं बढ़ती गर्मी का असर वन्य जीवों पर भी दिखाई दे रहा हैं मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में राज्य में गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगां अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने की आशंका हैं इस बीच बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना हैं

000

जैसलमेर में राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण और प्रजनन कार्यक्रम के तहत इस वर्ष बड़ी सफलता हासिल हुई हैं गोडावण ब्रीडिंग प्रोजेक्ट के चौथे सीजन के पहले ही महीने में 11 नए चूजों का जन्म रिकॉर्ड किया गया हैं डेजर्ट नेशनल पार्क के वन अधिकारी बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि इस सीजन का पहला चूजा 10 मार्च को निकला थां उन्होंने जानकारी दी कि इन 11 चूजों में से 8 का जन्म आधुनिक कृत्रिम गर्भाधान  तकनीक के जरिए और 3 का प्राकृतिक तरीके से जन्म हुआ हैं

..............................

000

राजसमंद जिले के नाथद्वारा स्थित गोवर्धन राजकीय जिला चिकित्सालय को चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता के लिए केन्द्र सरकार की ओर से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स सर्टिफिकेट दिया गया हैं हाल ही में हुए राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में अस्पताल ने 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं अस्पताल को विशेष ब्लड बैंक, एनेस्थीसिया और परिवार नियोजन सेवाओं में शत–प्रतिशत अंक मिले हैं

000